Press Release

TATA POWER-DDL

**मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024** **प्रेस विज्ञप्ति**

**नई दिल्ली**

# टाटा पावर-डीडीएल और टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) ने ऊर्जा क्षेत्र के लिए प्रशिक्षण एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने तथा प्रशिक्षित कार्यबल तैयार के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए

अग्रणी पावर यूटिलिटी **टाटा पावर-डीडीएल**, जो कि नॉर्थ दिल्ली में लगभग 90 लाख की आबादी को बिजली सप्लाई करती है, तथा **टीएचडीएस इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल)** ने घरेलू ऊर्जा क्षेत्र तथा अंतरराष्ट्रीय मार्केट्स के लिए दक्ष एवं योग्यता प्राप्त प्रोफेशनल्स का एक मजबूत पूल तैयार करने के उद्देश्य से हाल में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस समझौता ज्ञापन पर श्री प्रवीण अग्रवाल, चीफ - ह्यूमैन रिसोर्सेज़, इंडस्ट्रियल रिलेशंस, फेसिलिटी मैनेजमेंट एंड हेल्थ सर्विसेज़, टाटा पावर-डीडीएल तथा डॉ ए एन त्रिपाठी, जनरल मैनेजर (एचआर एंड ए), टीएचडीसीईएल ने श्री अनूप नंदी, हेड (बीडी एंड कॉलेबरेशन), टाटा पावर-डीडीएल, श्री रवि बुढलाकोटी (एचआरडी-टीएचडीसीआईएल) तथा दोनों संगठनों के अन्य कई सीनियर अधिकारियों की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए।

इस एमओयू का उद्देश्य, टाटा पावर-डीडीएल तथा टीएचडीसीआईएल के बीच परस्पर सहयोग पर आधारित एक लाभदायक फ्रेमवर्क तैयार करना है। इसके तहत्, लीडरशिप, वैलनेस एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों समेत, वर्कशॉप, सेमीनार, रिसर्च गतिविधियों के अलावा कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट्स को भी शामिल किया गया है जो एनर्जी सेक्टर के लिए दक्षता और जानकारी बढ़ाने पर जोर देंगे। यह महत्वपूर्ण पार्टनरशिप, एचआरडी तक्षशिला - एसएलसीडीसी, ऋषिकेश तथा दिल्ली में टाटा पावर-डीडीएल के लर्निंग सेंटर की इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का लाभ उठाते हुए स्मार्ट ग्रिड्स, ग्रिड ऑटोमेशन तथा अन्य पूरक टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों के लिए एडवांस ट्रेनिंग प्रोग्राम तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराएगी।

इसके बारे में, **श्री प्रवीण अग्रवाल, चीफ - ह्यूमैन रिसोर्सेज़, इंडस्ट्रियल रिलेशंस, एफएम एंड हेल्थ सर्विसेज़, टाटा पावर-डीडीएल** ने कहा, *“राष्ट्रीय महत्व के संस्थान टीएचडीसीआईएल के साथ हमारी यह विशिष्ट पार्टनरशिप, देश के एनर्जी सेक्टर के लिए अत्याधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। दुनियाभर में तेजी से बदल रहे एनर्जी सेक्टर के मद्देनज़र, हमारा लक्ष्य भारत के अलावा अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के लिए भी उच्च-स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त योग्य पेशेवरों को तैयार करना है। यह पहल, कौशल विकास संबंधी हमारी प्रतिबद्धता दोहराने के साथ-साथ इंडस्ट्री की बदलती आवश्यकतताओं को पूरा करने के लिए कार्यबल (वर्कफोर्स) तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता भी दर्शाती है।”*

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का ज्वाइंट वेंचर है। कंपनी नॉर्थ दिल्ली में करीब 9 मिलियन की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी है और इसे उपभोक्ता केंद्रित व्यवहारों के लिए जाना जाता है। निजीकरण के बाद से टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी आयी है। और सभी वर्टिकल्स में एडवांस्ड टैक्नोलॉजी अपनाकर बिजली वितरण के परिदृश्य में व्यापक बदलाव लया है। वर्तमान में एटीएंडसी नुकसान 5.9% है, जिसमें जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान में अप्रत्याशित कमी आई है। टाटा पावर-डीडीएल के बारे में और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com

For further information please contact:

| **Corporate Communications:** | **Slough PR:** |
|---|---|
| Sonia Sarin (9910292599) | Abhishek Anand(9711061540) |